दिन– बुधवार | दिनांक– 01/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य में लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए प्रचार अभियान चरम पर। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल विभिन्न स्थानों पर चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।

02. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जन–जीवन प्रभावित। शेखपुरा में पारा पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के पास पहुंचा। मौसम विभाग ने आज पूर्णिया, शेखपुरा और भागलपुर जिले में भीषण लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

03. रोहतास जिले के बिलासपुर गांव में चक्रवात के कारण चावल मिल की इमारत ध्वस्त। दो लोगों की मौत, चार अन्य घायल।

04. और, अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

————————————————————————

राज्य में लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए प्रचार अभियान जारी है। प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन में जनसभाएं कर रहे हैं। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल बिहार में अलग–अलग लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री सारण में सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी के नामांकन के दौरान जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह इसके बाद सुपौल में भी चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं, भाजपा अध्यक्ष अररिया और मुजफ्फरपुर में आयोजित चुनावी सभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज मधुबनी, अररिया और सहरसा में चुनाव प्रचार करेंगे।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण को लेकर विभिन्न दलों के प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार प्रचार कर रहे हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र से कुल आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस सीट से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी और निवर्तमान सांसद दिनेश चंद्र यादव लोगों से विकास के नाम पर दोबारा उन्हें वोट देने की अपील कर रहे हैं।

———बाईट————

वहीं, इसी सीट से महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार प्रोफेसर कुमार चंद्रदीप ने सत्रह साल बनाम सत्रह महीने की उपलब्धि के आधार पर मतदाताओं से अपना नेता चुनने की अपील की है।

———बाईट———

तीसरे चरण के तहत मधेपुरा समेत झंझारपुर, सुपौल, अररिया और खगड़िया लोकसभा क्षेत्रों में सात मई को मतदान होगा।

————————————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया का कार्य जारी है। कल पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से भाजपा के डॉ. संजय जायसवाल, वैशाली से राजद प्रत्याशी विजय कुमार शुक्ला, सीतामढ़ी से राजद के अर्जुन राय ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, मधुबनी से राजद के अली अशरफ फातमी और मुजफ्फरपुर से कांग्रेस के अजय निषाद ने नामांकन का पर्चा भरा। सीवान संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने राजद के और पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हेना शहाब ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। हाजीपुर में बिहार सेना पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर राजकुमार पासवान ने हाथ में संविधान के प्रति गले में हांडी और झाड़ू लेकर नामांकन पत्र दाखिल किया।

————————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात मुंगेर लोकसभा सीट की। मुंगेर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां चौथे चरण में तेरह मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

मोक्षदायिनी गंगा के किनारे बसा योग नगरी मुंगेर, चुनावी नजरिए से बिहार के लोक सभा क्षेत्रों में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीन जिलों – मुंगेर, लखीसराय और पटना के 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में यहां से जद यू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को जीत मिली थी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी नीलम देवी को पराजित किया था। इस बार भी मुंगेर से एन डी ए से जद यू के ललन सिंह ही चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने हैं इंडी गठबंधन से राजद की अनिता देवी। अनिता देवी अशोक महतो की पत्नी हैं। अशोक महतो का ताल्लुक साल 2000 के आसपास  नवादा, शेखपुरा, जमुई और आसपास के इलाक़ों में सक्रिय उस 'महतो गुट' से रहा है, जो पिछड़ी जातियों का समर्थक था। अशोक महतो को साल 2001 में नवादा जेल ब्रेक कांड में दोषी ठहराया गया था। इस जेल ब्रेक कांड में पुलिसवाले की भी हत्या कर दी गई थी। बिहार में इस संघर्ष पर क़रीब डेढ़ साल पहले ओटीटी पर वेब सिरीज़ श्खाकीः द बिहार चौप्टरश भी आ चुकी है। यहां एक बात और दिलचस्प है कि अशोक महतो खुद चुनाव नहीं लड़ सकते थे इसलिए उन्होंने कुछ ही दिन पहले शादी कर ली जिसके बाद उनकी पत्नी चुनावी मैदान में हैं। बहरहाल इस बार के लोकसभा चुनाव में कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एन डी ए उम्मीदवार ललन सिंह और इंडी गठबंधन की अनिता देवी के बीच ही माना जा रहा है। मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 6 विधानसभा क्षेत्रों में से 3 पर भाजपा, 2 पर राजद और 1 पर कांग्रेस

का कब्जा है। यहां यह भी गौर करने वाली बात है कि सूर्यगढ़ा से राजद विधायक प्रह्लाद यादव और मोकामा विधानसभा से राजद विधायक नीलम देवी ने पिछले दिनों राज्य में हुए सत्ता परिवर्तन के दौरान एन डी ए को समर्थन दिया था। चुनावी मुद्दों की बात करें तो टाल क्षेत्र का विकास आज भी प्रमुख मुद्दा है। जद यू उम्मीदवार ललन सिंह केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं वहीं राजद उम्मीदवार अनिता देवी क्षेत्र के पिछड़ेपन और महंगाई तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर आम लोगों को गोलबंद करने में जुटी हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों के अप्रैल माह के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी है। बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्त शिक्षकों और पूर्व से नियोजित शिक्षकों के समय पर वेतन भुगतान नहीं किये जाने के कारण यह कार्रवाई की गयी है। विभाग ने सभी डीईओ और डीपीओ को चौबीस घंटे के अंदर आरोप के संबंध में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जन–जीवन प्रभावित है। मौसम विभाग के अनुसार चार मई तक गर्मी से राहत के आसार नहीं है। विभाग ने आज राज्य के सत्रह जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की है। इनमें पूर्णिया, शेखपुरा और भागलपुर जिले में भीषण लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, विभाग ने गोपालगंज, वैशाली, कैमूर, बेगूसराय और जमुई समेत चौदह जिलों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

इधर, भीषण गर्मी और लू की आंशका के मद्देनजर मौसम विभाग ने किसानों को कृषि कार्य सुबह दस बजे से पहले और दोपहर चार बजे के बाद करने की सलाह दी है। साथ ही दिन के समय पशुओं को चरने के लिए बाहर नहीं भेजने और सूखा चारा कम देने तथा दाने की मात्रा बढ़ाने के लिए भी कहा गया है।

———————————————————————————

पटना जिले में भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर सभी विद्यालयों में वर्ग दसवीं तक की कक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे तक ही संचालित होंगी। वहीं, ग्यारहवीं और बारहवीं की कक्षाएं सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक चलेंगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन भी सुबह साढ़े दस बजे तक ही किया जा सकेगा। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। ये आदेश आज से आठ मई तक प्रभावी रहेंगे। साथ ही विद्यालयों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाएं संचालित करने की सलाह दी गयी है।

———————————————————————————————

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में चावल मिल की इमारत ध्वस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गयी है। वहीं, चार मजदूर घायल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि तेज पछुआ हवा से उठे चक्रवात के कारण यह हादसा हुआ, जिसके चलते मिल का बॉयलर टूट कर नीचे गिर गया। बॉयलर नीचे गिरने के साथ ही चौंतीस टन धान के बोरे ऑपरेटरों और अन्य मजदूरों के ऊपर गिर गये।

———————————————————————————————

पटना जंक्शन के पास हुए होटल अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी है। हादसे में गंभीर रूप से झुलसे एक युवक की कल इलाज के दौरान मौत हो गयी। यह मृतक रोहतास जिले के चौरबंदा चितौली गांव का रहने वाला था। इधर, होटल संचालक अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

———————————————————————————————

प्रदेश में बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए आवेदन तीन मई से शुरू होगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने इस संबंध में नया कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश के लिए छब्बीस मई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा पच्चीस जून को आयोजित की जाएगी।

———————————————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस है। यह दिवस पूरे विश्व में श्रमिकों के योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को प्राप्त करने में श्रमिकों के समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करना है। इस वर्ष इस दिवस की

थीम है– **जलवायु परिवर्तन के बीच कार्य स्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना।** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के मौके पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रमिक भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है।

———————————————————————————

पटना में सगुना मोड़ के पास फर्नीचर स्टूडियो में शॉट सर्किट से आग लग गयी। ज़िला अग्निशमन अधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि छह दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

———————————————————————————

शिवहर, पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराते हुए फोटो पोस्ट करने के आरोपी कमलेश कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के सफियासराय चौक के पास से पुलिस ने पचास हजार रूपये के जाली नोट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मधुबनी और मधेपुरा में चुनावी सभाओं की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है। अखबार मुख्यमंत्री के बयान के हवाले से लिखता है– न्याय के साथ सबका विकास।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– रोहतास में चक्रवात से राईस मिल ध्वस्त, दो की मौत।

**प्रभात खबर** का शीर्षक है– विश्वकप फतह के लिए रोहित सेना का नाम तय। पंत की वापसी, शिवम दुबे का भी चयन।

**दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है– तपिश बढ़ी, पटना में सीजन का सबसे गर्म दिन, पारा बयालीस दशमलव आठ डिग्री पर पहुंचा।

**आज** अखबार की प्रमुख खबर है– निदेशालय बंद, एससीईआरटी का होगा पुर्नगठन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. राज्य में लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए प्रचार अभियान चरम पर। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल विभिन्न स्थानों पर चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।

02. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जन–जीवन प्रभावित। शेखपुरा में पारा पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के पास पहुंचा। मौसम विभाग ने आज पूर्णिया, शेखपुरा और भागलपुर जिले में भीषण लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

03. रोहतास जिले के बिलासपुर गांव में चक्रवात के कारण चावल मिल की इमारत ध्वस्त। दो लोगों की मौत, चार अन्य घायल।

04. और, अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।